हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 9 फरवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 विद्या ही वास्तविक धन, विद्वान की पहचान संपूर्ण विश्व में: राय



## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय हिन्दू युवा संगम कार्यक्रम आज

**राजपुर।** नगर में 9 फरवरी को एक दिवसीय हिंदू युवा संगम 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन प्रातः 10 बजे से स्थानीय हाई स्कूल ग्राउंड राजपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक सरगुजा हेमन्त नाग रहेंगे जो युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार इस युवा सम्मेलन में 17 से 35 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कृषक, व्यवसायी, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, मजदूर एवं विभिन्न व्यवसायों से जुड़े युवा-युवतियों का पंजीयन कर सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं के व्यक्तित्व विकास, शारीरिक एवं मानसिक सशक्तिकरण, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता के विकास पर केंद्रित रहेगा।

### अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय वायुसेना में (अग्निवीर) भर्ती द्वारा युवाओं को सहभागिता बढ़ाने हेतु भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 3 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल रात्रि 11 बजे तक भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण होगा। उम्मीदवारों को 10+2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी अपने जिले के रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक 10 को

**सक्ती।** अल्पसंख्यक कल्याण हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अल्पसंख्यक प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 10 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक समय-सीमा की बैठक के उपरांत दोपहर 2 बजे जिला कार्यालय सक्ती के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 10 फरवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि उक्त आयोजन हेतु प्राप्त कुल 141 आवेदनों की प्रारंभिक पात्रता सूची तैयार की गई है। सूची के अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी जोड़े की पात्रता, आयु या अन्य वैधानिक तथ्यों के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वे 9 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक साक्ष्यों सहित लिखित आवेदन कार्यालयीन समय में कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में स्पीड पोस्ट व रजिस्टर्ड डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रारंभिक सूची का अवलोकन जिले की वेबसाइट तथा कार्यालय के सूचना पटल पर कर सकते है।

# स्कूल में नहीं सफाईकर्मी पढ़ाई करने गए बच्चों से लगवा रहे झाड़ू, करा रहे सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कितने भी प्रयास किए जाए निचले स्थल पर लापरवाही सामने आ ही जाती है। इस बार भी क्षेत्र में शिक्षा विभाग की लापरवाही का एक और मामला सामने आया है। स्कूल में जिन मासूम बच्चों को पढ़ने के लिए कॉपी पुस्तक थमाकर भेजा जाता है उन हाथों में स्कूल प्रबंधन ने झाड़ू पकड़ा दिया। नन्हे बच्च्चों से शौचालय और स्कूल परिसर की सफाई कराई जाती है। स्कूल में बच्चों से झाड़ू व सफाई कराए जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हुआ है जिसके बाद अभिभावकों में रोष का माहौल है।

यह मामला विकासखंड के वासुदेवपुर दवनकरा स्थित शासकीय विद्यालय का है जहां प्राथमिक शाला के बच्चों से स्कूल परिसर में झाड़ू लगवाने के साथ ही शौचालय में सफाई कराई जा रही है। बच्चे झाड़ू लेकर परिसर में सफाई कर रहे है। स्कूल परिसर में बच्चों के साथ किए जा रहे इस व्यवहार और काम कराए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद अभिभवकों में खासा रोष है। परिजन का कहना है कि वे अपने बच्चों को स्कूल में पढने के लिए कॉपी-पुस्तक देकर भेजते है ना की प्रबंधन की लापरवाही के कारण साफ सफाई करने के लिए। आरोप है कि स्कूल में सफाईकर्मी नहीं होने के कारण आए दिन बच्चों से सफाई कराई जाती है। गांव के उप सरपंच मुकेश राजवाड़े ने आरोपों की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। लंबे समय से स्कूल में बच्चों से सफाई करवाई जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि शिक्षक बच्चों को यह कहकर डराते रहे कि अगर वे सफाई नहीं करेंगे तो स्कूल में कोई दूसरा कर्मचारी नहीं आएगा।

**वीडियो हुआ वायरल, वासुदेवपुर स्कूल का मामला, अभिभावकों में भी रोष**




### ग्रामीणों ने कहा जिम्मेदारी अधिकारियों की

स्कूल में बच्चों से साफ सफाई कराए जाने का वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण फूलसाय पैकरा ने कहा कि यदि स्कूल में सफाईकर्मी नहीं है तो इसकी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की है ना की बच्चों की। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन के साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। अधिकारी कभी स्कूल का निरीक्षण नहीं करते है और यदि स्कूल जाते है तो फिर उन्होंने बच्चों की समस्या को जानबूझकर अनदेखा किया।

### विवाद के कारण नहीं हुई नियुक्ति

बताया जा रहा है कि स्कूल में सफाई कर्मी की नियुक्ति नहीं होने का प्रमुख कारण स्थानीय विवाद है। स्कूल के लिए जिस परिवार ने जमीन दान दी है उनके द्वारा अपने व्यक्ति को नौकरी पर रखने का दबाव बनाया जाता है यही वजह है कि अब तक सफाईकर्मी की नियुक्ति नहीं हुई लेकिन समस्या से अवगत होने के बाद भी अधिकारियों ने कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता का खामियाजा छोटे छोटे बच्चे भुगत रहे है।

### बच्चों से सफाई कराना अपराध

स्कूल में बच्चों से साफ सफाई कराना गंभीर अपराध है। स्कूल में स्वीपर की नियुक्ति होनी चाहिए थी लेकिन स्थानीय विवाद के कारण यह संभव नहीं हो सका। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

-मुन्नूलाल धुर्वे , बीईओ

### की जाएगी कार्रवाई

मामला के गंभीरता को देखते हुए जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लगातार शिक्षा विभाग की शिकायत आ रही है मामले में जांच की जाएगी।

-एस जयवर्धन, कलेक्टर

## प्रशासनिक चौकसी से कोचिए नहीं खपा सके अपना धान

# सरगुजा में 39246 मेट्रिक टन कम धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

प्रशासन की सतर्कता से इस बार पिछले वर्ष की तुलना में सरगुजा में 39246 मेट्रिक टन कम धान की खरीदी हुई है तथा बतौली, सीतापुर एवं मैनपाट तहसील की समितियों में अपेक्षाकृत कम धान खरीदी की गई है। खास बात है कि इस बार न तो किसानों की संख्या में ही कमी आई है न ही धान का रकबा कम हुआ है। इस बार बड़ी संख्या में किसानों ने अपने रकबा का भी समर्पण किया है।

- बतौली, सीतापुर एवं मैनपाट की समितियों में अपेक्षाकृत कम खरीदी

इस बार कोचियों एवं समिति कर्मचारियों का गठबंधन तोड़ने प्रशासन प्रारम्भ से ही सक्रिय रहा। समितियों में चल रही गतिविधियों पर नजर रखने शासन राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के साथ ही समितियों की सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी कर रहा था तथा संदेहास्पद गतिविधियों की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दे रहा था। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से कोचिए अपने इच्छा के अनुरूप धान खपाने में सफल नहीं हो सके तथा पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम धान की खरीदी हुई। इस बार सीतापुर, मैनपाट एवं बतौली तहसील की समितियों में धान खरीदी के आंकड़े में काफी कर्मी दर्ज की गई है। खरीदी में आई कमी के पीछे प्रशासनिक सतर्कता को कारण माना जा रहा है। शासन द्वारा खरीदी तिथि में दो दिन की वृद्धि के दौरान जिले भर में 325445 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है दो दिन में लखनपुर के 7 उपार्जन केंद्रों में 409.76 मेट्रिक टन, उदयपुर के 6 उपार्जन केन्द्रों में 399 मेट्रिक टन, मैनपाट के 5 उपार्जन केन्द्रों में 944.4 मैट्रिक टन, सीतापुर के 6 उपार्जन केन्द्रों में 224.6 मेट्रिक टन, बतौली के 5 उपार्जन केन्द्रों में 418.64 मेट्रिक टन, अम्बिकापुर के 4 उपार्जन केन्द्रों में 272.06 मेट्रिक टन दरिमा तहसील के 5 केन्द्रों में 402.36 मेट्रिक टन एवं धौरपुर के 4 खरीदी केन्द्रों में 82.04 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।



इस बार बड़ी संख्या में किसानों ने अपना रकबा समर्पित किया है। ऐसे ही किसानों के नाम पर कोचिए अपना धान खपाते हैं। प्रशासन की सक्रियता से जिलेभर के 23409 किसानों ने अपना 3195.28 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। रकबा समर्पित करने वाले सर्वाधिक 4841 किसान लखनपुर तहसील के हैं जिन्होंने 691.86 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। इसी तरह उदयपुर तहसील के 3487 किसानों ने 455.06 हेक्टेयर, मैनपाट के 1714 ने 208.56 हेक्टेयर, सीतापुर के 2273 ने 185.33 हेक्टेयर, बतौली के 1919 ने 477.39 हेक्टेयर अम्बिकापुर के 3464 ने 469.46 हेक्टेयर, दरिमा के 3199 किसानों ने 443.61 हेक्टेयर एवं धौरपुर के 2512 किसानों ने 264.80 हेक्टेयर रकबे को समर्पित किया है। रकबा समर्पण भी खरीदी में कमी आने का कारण माना जा रहा है। इस संबंध में सहायक खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव ने बताया कि प्रशासनिक सक्रियता एवं नियमित चौकसी के कारण पिछले साल की तुलना में कम खरीदी हुई है।

## रामनगर स्थित मोहरा एनीकट में नहाने उतरे दो नाबालिग किशोर गहरे पानी में डूबे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

रविवार को रामनगर से गुजरी रेड़ नदी में बने मोहरा एनीकट में नहाने के लिए उतरे दो किशोरों की गहरे पानी में डूब जाने की खबर है,घटना की सूचना मिलने पर जिले की एसडीआरएफ टीम के साथ स्थानीय गोताखोरों को लेकर बिश्रामपुर पुलिस दोनों बच्चों की तलाशी के लिए सर्च अभियान चलाए हुए हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों किशोरों का कुछ पता नहीं चल सका है।

- सूचना मिलने पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

बताया गया कि शिवनंदनपुर गवटियापारा निवासी सेराज अंसारी का 12 वर्षीय पुत्र आदिल और जयनगर कुंजनगर निवासी मो. जावेद का 15 वर्षीय पुत्र अयान सद्दाम रविवार की दोपहर अपने अन्य 5-6 हमउम्र दोस्तों के साथ घूमने के उद्देश्य से रामनगर मोहरा एनीकट डेम पहुंच गए जिसमें आदिल और अयान बातचीत करने दौरान नहाने के लिए डेम में उतर गए और देखते ही देखते वे गहरे पानी में समा गए,उन्हें डूबते देख साथियों ने हो हल्ला व शोर भी किया लेकिन तब तक दोनों गहरे जल में लापता हो चुके थे,घटना के बाद डरे सहमे अन्य दोस्तों ने अपने घर पहुंचकर परिजनों को आदिल और अयान के डूबने की खबर बताई जिसके बाद उनके परिजनों को सूचित कर घटना की जानकारी बिश्रामपुर पुलिस को दी गई,बिश्रामपुर पुलिस ने तत्काल सूरजपुर एसडीआरएफ टीम को खबर कर मौके पर बुलाते हुए तलाशी अभियान चलाया हुआ है लेकिन दोनों नाबालिग किशोरों का का रविवार की देर शाम तक कहीं पता नहीं चल सका है,घटना स्थल पर परिजनों सहित बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए हैं ।

बताया गया कि अयान कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा नौवीं का छात्र था,जबकि आदिल अपने नाना-नानी के मनेंद्रगढ़ निवास में रहकर मदरसे में पढ़ाई करता था,वह हाल ही में शब-ए-बारात पर्व मनाने अपने माता-पिता के पास शिवनंदनपुर आया हुआ था। परिजनों ने बताया कि अयान रविवार की दोपहर अपने पिता के साथ भोजन करने के हेयर कटिंग कराने की बात कहकर घर से निकला था।घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

## किसान को लिफ्ट देने के बहाने 49 हजार की लूट करने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** भोले भाले किसान से 49 हजार रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी से लूट की रकम को भी बरामद किया है।



बता दें कि डांडखड़ुआ निबल साय 2 फरवरी को अपने पुत्र जेरोम साय के साथ सहकारी बैंक आया हुआ था। बैंक में भीड़ होने के कारण युवक ने विड्रावल फार्म भरने के बाद पिता को लाइन में लगाकर किसी काम से चला गया। कुछ समय बाद निबल साय बैंक से 49 हजार रुपए लेकर निकला और काफी देर तक अपने बेटे का इन्तजार किया। जब पुत्र वापस नहीं लौटा तो निबल साय वापस पैदल ही घर लौट रहा था। इस दौरान मुख्य मार्ग पर दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से पहुंचे और ग्रामीण को रोककर उससे तम्बाकू मांगकर खाए। इसके बाद उन्होंने ग्रामीण से उसके पुत्र का नाम पुछा। जब ग्रामीण ने अपने बेटे का नाम बताया तो ठगों उसके बेटे से जान पहचान होने की बात कहते हुए बाइक पर बैठा लिया और फिर कुछ दूर जाने के बाद सामान खरीदने के बहाने से गमछे में बंधा हुआ 49 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। इस घटना के बाद निबल साय ने घर जाकर परिजन को मामले की सूचना दी जिसके बाद घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। गरीब किसान से ठगी करने के मामले में एसपी वैभव बैंकर ने जांच के निर्देश दिए थे। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करते हुए सरगुजा लखनपुर के तुंगा निवासी 27 वर्षीय जेल कुमार आ. रामलाल को गिरफ्तार करने के साथ ही 20 हजार रुपए बरामद किया था जबकि फरार आरोपी की तलाश चल रही थी। अब इस मामले में पुलिस ने लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम तूंगा निवासी 27 वर्षीय राम सिंह आ. नानसाय को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की रकम से शेष बचे 18 हजार रुपए बरामद किए। पुलिस ने इस मामले में घटना में प्रयुक्त बाइक सीजी 15 ईडी 5697 को जब्त करने के साथ ही कुल 38 हजार रुपए बरामद किया है।

### महंगाई भत्ते राशि भुगतान की मांग लेकर पेंशनरों का प्रदर्शन 12 को

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ ने केंद्रीय कर्मचारियों की तुलना में मिल रहे कम महंगाई राहत भत्ता पर नाराजगी जताई है तथा राज्य शासन द्वारा भत्ते की अंतर राशि भुगतान की शीघ्र घोषणा नहीं करने पर 12 फरवरी को विरोध करने की घोषणा की है। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पेंशनर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त कर रहे हैं जो केंद्रीय कर्मचारियों को दिए जा रहे भत्ते से 6 प्रतिशत कम है। राज्य शासन ने जनवरी से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान करने की घोषणा की है।

**लम्बे समय से फरार चल रहा मुख्य आरोपी गिरफ्तार**

# क्रिकेट टीम में खिलाने के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी

**अंबिकापुर।** यूपी के क्रिकेट खिलाड़ी को संघ के माध्यम से देश विदेशों में मैच खिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।



कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यूपी हरदोई पिहानी सेखवापुर निवासी अजय कुमार वर्मा क्रिकेट खिलाड़ी है और 14 मार्च 2021 को नेपाल में क्रिकेट टुर्नामेन्ट खेलने हेतु गया था। जहां पर अजय कुमार की मुलाकात शहर के त्रिकोण चौक निवासी मृगांक कुमार सिन्हा से हुई थी। मृगांक ने अजय वर्मा को अपने क्रिकेट संघ की तरफ से देश विदेश के टुर्नामेन्टो में खिलाने की बात बोलकर उसका मोबाईल नंबर ले लिया। नेपाल से वापस आने के करीब 10 दिन मृगांक कुमार सिन्हा ने अजय वर्मा को फोन कर क्रिकेट संघ में रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 1480 रुपए जमा कराया। उसके पश्चात अजय वर्मा अन्य रजिस्ट्रेशन व पासपोर्ट हेतु 4460 रुपए व 1500 रुपए जमा नगद जमा कराये। अजय कुमार वर्मा मोबाइल पर टीम में सलेक्शन व विदेशी दौरे के लिए चुनी टीम आदि के कुट रचित दस्तावेज प्रार्थी को भेजता रहा तथा प्रार्थी से लगातार पेटीएम, गूगल पे. फोन पे पर रूपया जमा कराता रहा। इस दौरान आरोपी अजय वर्मा को यह आश्वासन देता रहा कि तुम्हारा सारा रुपया तुम्हे वापस कर दिया जाएगा। अजय वर्मा से लगभग 12 लाख रुपए जमा करवा लिया गया तथा 11 जून को अजय वर्मा को छत्तीसगढ बुलाया और वहां भी प्रार्थी से रुपये जमा कराया। आरोपी ने अजय वर्मा से 15 लाख 38 हजार रुपए की ठगी की। इस मामले में पुलिस द्वारा भादवि की धारा 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज किया था और आरोपी की तलाश कर रही थी। एफआईआर होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। इस दौरान पुलिस ने आरोपी द्वारा अजय वर्मा को छग यूथ यूनाइटेड क्रिकेट संघ इस्पात क्लब भिलाई सेक्टर 6 का क्रिकेट खेलने में विदेश दौरे का सूची के संबंध में जानकारी संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर से लिया गया जिसमें उक्त संस्था के संबंध में मान्यता नहीं होने की जानकारी प्राप्त हुई है। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने फरार चल रहे त्रिकोण चौक पहुना दुकान के समीप रहने वाले 40 वर्षीय मृगांक सिन्हा आ. सुनील सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक जीतेश साहू, अमनपुरी सक्रिय रहे।

### तापमान में आंशिक वृद्धि, जारी रहा सर्द हवाओं का प्रवाह

**अम्बिकापुर।** पूर्व की तरह रविवार को भी पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह जारी रहा। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में भी पश्चिमोत्तर की हवाएं जारी रहने एवं तापमान में आंशिक वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह से पिछले चार दिनों से तापमान में हो रही लगातार गिरावट का क्रम रविवार को रूक गया है। तापमान में लगातार हो रही गिरावट के कारण शनिवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया था तथा शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में शीतलहर चल रही थी। रविवार को न्यूनतम पारा में आंशिक वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री वहीं रविवार को न्यूनतम पारा 7.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। दिन के तापमान में भी 0.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। तापमान में आंशिक वृद्धि होने के बावजूद रविवार को पूरे दिन पश्चिमोत्तर की हवाएं चली। मौसम विज्ञानी आगे भी सर्द हवाओं का प्रवाह जारी रहने एवं पारा में क्रमशः आंशिक वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। फिलहाल उत्तर भारत में कोई मौसमी घटक सक्रिय नहीं है लिहाजा आगामी 2-3 दिनों तक मौसम के यथावत रहने एवं बाद में तापमान में वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

# सामान्य प्रसव से महिला ने एक बच्ची समेत तीन बच्चों को दिया जन्म

**वाड्रफनगर।** रविवार को रघुनाथनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया है। अस्पताल में तीन नवजातों की किलकारी गूंजी। महिला ने एक लड़की और दो लकड़ों को सामान्य प्रसव से जन्म दिया है। फिलहाल प्रसूता और नवजात खतरे के बाहर है फिर भी नवजातों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। इधर एक साथ तीन बच्चों के जन्म से परिवार में खुशियों का माहौल है।

- रघुनाथनगर सीएचसी में कराया गया प्रसव, परिवार की खुशियां हुई तीन गुनी

बताया जा रहा है कि विकासखंड के सीमावर्ती ग्राम चकदेही निवासी 28 वर्षीया बसंती देवी पति राम लाल आर्मो को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजन द्वारा महतारी एंबुलेंस की मदद से रघुनाथनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की निगरानी में महिला का प्रसव कराया गया। प्रसव के दौरान महिला ने पहले एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद महिला ने दो और लकड़ों को जन्म दिया। एक साथ तीन-तीन बच्चों के जन्म से अस्पताल में भी खुशियों की लहर फैल गई। तीन नवजात के जन्म से परिवार की खुशियां भी तीन गुना तक बढ़ गई है। बच्चों के पिता रामलाल आर्मो ने बताया कि बसंती को प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया था जहां उसने तीन बच्चों को जन्म दिया है। युवक ने अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ द्वारा किए गए उपचार और सेवाओं की भी सरहना की है। चिकित्सा स्टाफ ने बताया कि प्रसव सफलतापूर्वक कराया गया और इसमें डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ की टीम की अहम भूमिका रही। समय पर उपचार और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने से जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं।



### गहन शिशु चिकित्सा इकाई में रखा गया

सामान्य प्रसव से जन्मे तीन नवजातों में पहली बच्ची है जिसका वजन 2 किलोग्राम है जबकि उसके बाद दो बच्चों ने जन्म दिया है जिसका वजन क्रमशः 1.5 व 1.3 किलोग्राम है। प्रसव के बाद प्रसूता और नवजात पूर्ण रूप से स्वस्थ बताए जा रहे है लेकिन वजन कम होने के कारण बच्चों को वाड्रफनगर सीएचसी में रिफर किया गया है जहां गहन शिशु चिकित्सा इकाई में रखकर बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

## खबर संक्षेप



### छठे दिन रोमांचक मुकाबला : केरला पुलिस की शानदार जीत

**चरचा कॉलरी।** अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वें गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के स्वर्ण जयंती समारोह प्रतियोगिता के छठवें दिन एक अत्यंत रोमांचक मुकाबला खेला गया। दर्शकों को इस मैच में कड़ी प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। छठवें दिन का मुकाबला केरला पुलिस केरल और एफसी जानल इम्फाल मणिपुर के मध्य खेला गया। मैच के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच पर डब्ल्यूसीएल बल्लारपुर सहक्षेत्र प्रबंधक वी. श्रीनिवास, जीएम ऑपरेशन बैकुंठपुर क्षेत्र राजेन्द्र कुमार, अस्थी रोग विशेषज्ञ डॉ. बंसरीया, डॉ. वीआर नायक, डॉ. अशोक बिराजी, हरि यादव एवं धर्मवीर सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फोटो सेशन के पश्चात राष्ट्रगान के साथ मैच का शुभारंभ किया गया। दोनों टीमों ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ में मणिपुर टीम के खिलाड़ी ने शानदार गोल करने का प्रयास किया, लेकिन गेंद गोल पोस्ट से टकराकर बाहर चली गई। मध्यांतर तक दोनों टीमें 0-0 की बराबरी पर रहीं।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** जिला पुलिस एमसीबी के द्वारा 37 में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जिले की स्कूलों में सुरक्षा में मनाया गया। इसमें निबंध, भाषण, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन व नत्य, संगीत के विभिन्न जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकुल केन्द्र पिपरिया के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में नुक्कड़ नाटक में मनीष एवं उसके साथियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं शासकीय हाईस्कूल भल्लौर की छात्राएं भाषण में द्वितीय स्थान तथा कविता लेखन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि शासकीय हाईस्कूल पिपरिया के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनोद पांडे के नेतृत्व में शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा 2018 से राष्टीय राजमार्ग 43 में विगत 8 वर्षों से प्रत्येक वर्ष सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने वालों को सम्मानित किया जाता है। संकुल केन्द्र पिपरिया की प्राचार्य सुष्मिता सालोमन ने सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए सभी को निर्देशित किया । पिपरिया से संगीता तिवारी सांस्कृतिक प्रभारी, शर्मिष्ठा दत्ता का विशेष सहयोग रहा। उषा किरण सिंह, जरीना परवीन, अबुल कमर तथा हाईस्कूल भल्लौर के प्राचार्य डीपी रौतिया, माधुरी तिर्की, शिवनारायण यादव, सांस्कृतिक प्रभारी रिश्ता राय, अमित जायसवाल सभी ने विजयी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### जिले में मोबाइल एप्लीकेशन एप से शिक्षकों की नहीं हो रही हाजिरी

**बैकुंठपुर।** बीते 1 जनवरी से शिक्षकों एवं बच्चों की हाजिरी ऑनलाईन लगनी शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग में उच्च कार्यालय के निर्देश पर जिले के सभी शिक्षकों को व्हीएसके मोबाइल एप्लीकेशन एप को अपने मोबाइल में इंस्टाल कर पंजीकरण करने के निर्देश पूर्व में ही दिए गए थे। आदेश के पालन में जिले में करीब 80 प्रतिशत शिक्षकों ने उक्त एप को इंस्टाल कर पंजीयन कर लिए हैं, लेकिन अभी भी कुछ शिक्षक विभागीय अधिकारियों के बार-बार निर्देश के बाद भी व्हीएसके एप इंस्टाल नहीं किए हैं। जिन शिक्षकों ने व्हीएसके एप में पंजीकरण कर लिए हैं, उनके द्वारा प्रतिदिन अपनी उपस्थिति ऑनलाईन दर्ज कर रहे हैं। इस एप के माध्यम से स्कूल परिसर में चेक इन एवं चेक आउट होना पड़ता है और उसकी रियल टाईम ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज हो जा रही है।

## अपेक्स पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का रंगारंग आयोजन

# विद्या ही वास्तविक धन, विद्वान की पहचान संपूर्ण विश्व में: राय



मंचासीन अतिथि



प्रस्तुति देते विद्यार्थी





**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

जिला मुख्यालय स्थित अपेक्स पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धरोहर भारत की विरासत का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और पारिवारिक मूल्यों की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष आशीष यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं राष्टपति पदक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. महेश मिश्रा उपस्थित रहे।

विशेष आमंत्रित अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप, प्रवीन्द सिंह, योगेश चंद्रा, गौ-सेवक अनुराग दुबे एवं सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम श्रीमती ममता पांडे प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित एवं पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रगति सिंह एवं संचालक प्रमिल सिंह द्वारा सभी अतिथियों का बैज लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्या श्रीमती प्रगति सिंह ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वागत क्रम में विद्यार्थियों द्वारा भक्ति नृत्य, स्वागत नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। धरोहर थीम के अंतर्गत माता-पिता के प्रेम को दशार्ती भावनात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। शिव तांडव, पंजाबी एकल नृत्य, बुद्धु सा मन समूह नृत्य, बंगाल की संस्कृति पर आधारित नृत्य तथा पंजाबी लोकनृत्य ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। बच्चों की ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं मंचीय प्रस्तुति को दर्शकों ने भरपूर सराहा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे ने बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा अभिभावकों से बच्चों को पर्याप्त समय देने की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय ने संस्कृत श्लोक का उदाहरण देते हुए कहा कि विद्या ही वास्तविक धन है, विद्वान की पहचान संपूर्ण विश्व में होती है। जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने विद्यालय में हो रहे सर्वांगीण विकास की प्रशंसा की। महेश मिश्रा ने अभिभावकों को बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से न करने की महत्वपूर्ण सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए संस्था के डायरेक्टर प्रमिल सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों, सहयोगी स्टाफ एवं समस्त शिक्षकीय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### इन विद्यार्थियों की रही सक्रिय सहभागिता

अतिथियों के स्वागत के क्रम में भक्ति नृत्य गाम्या सिंह, स्वर्णिका सिंह राजपूत, अद्रिजा बिस्वास, शान्वी सिंह, आन्या सिन्हा, सनाया मार्को, एंजीला, जेसिका गोयन, समीक्षा चैधरी, अंशिका कुमारी एवं श्रुतिका केवट द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत के क्रम में नृत्य प्रस्तुति सार्थक यादव, इवान सवैया, नवदीप पडवार, नुमान रजा, अयांश साहू, शयान हुसैन, अवयुक्त उज्जैन, दिव्यांश, अभिनय कुजूर, दोबारिया तीर्थ भरतभाई, निध्विक नरेश यादव, कार्तिक चिकनजूरी, आर्यन साहू, रिहंत राजवाड़े, देवांश राजवाड़े, नैंसी, काव्या, जैनब, रिशिका दुबे, भूमि निशाद, आरोही गुप्ता, मिहिका शर्मा, ग्यानी नाविक, पवनी ठाकुर, हेजल साहू, स्वाति, शान्वि ओझा, निशिता सूर्यवंशी एवं खनक सोनवानी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। धरोहर के रूप में माता-पिता के प्यार को दर्शाते हुए कार्यक्रम में परिधि तिवारी, आद्रिका सिंह, हिमांशी भारिया, नव्या राजवाड़े, संजना राजवाड़े, आदि मिश्रा, अनंत मिश्रा, शिवांश कुमार सिंह, दक्ष शांडिल्य, प्रग्यान गुप्ता, चिराग सिंह नेताम, हर्षित बालचंद्र, दिव्यांश, अनुप्रिया पनिका, सूर्यांश  साहू, अयांश, हिमांशी सिंह, आरूही साहू, अर्पिता यादव, नंदिनी नारायण, दृष्टि जांगड़े, दिविशा कुशवाहा, अनाहिता, अंशिका साहू, शेख अख्तर एवं कियांश भगत के द्वारा प्रस्तुति दी गई। शिव तांडव के प्रस्तुति में श्रीनिका शर्मा एवं शार्विल खैरवार के द्वारा पंजाबी डांस में एकल प्रस्तुति की गई। मन की भावनाओं को दशार्ते हुए बुद्धु सा मन डांस प्रस्तुति में लक्ष्य, आरीश अहमद, अर्जुन कुमार सिंह, सात्विक तिवारी, विवान साहू, रेयांश साहू, आर्यन राजवाड़े, अर्पित यादव, आर्यन साहू, आद्रिक अर्थव, अयांश सोनी, गायत्री, अनुश्री दलाइ, भव्या चखियार, रसिका कुमारी, सरन्या तिग्गा, रियांशी साहू, अराध्या राजवाड़े, आद्या टेकाम, श्रेया, मान्या राजवाड़े, त्रिशिका खूंटिया एवं आद्रिका जायसवाल का प्रदर्शन शानदार रहा। बंगाल का प्रतिनिधित्व करते डांस में शिवांगी साहू, भूमिजा सिंह रघुवंशी, टोस्टी, मीनाक्षी, वेदिका शर्मा, याशिका सिंह, शिवानी रजक एवं दिव्या राजवाड़े ने शानदार प्रस्तुति दी। पंजाबी डांस में सिद्धिक्षा सिंह, श्रेयांश गुप्ता, कियान टोप्पो, दक्ष सिंह, अयान सिंह, दीपेश, राजवीर सिंह, शिवांश सिंह, इशान कुशवाहा, आद्रिक केशरवानी, स्वास्तिक चिकनजुरी, ओम नारायण राजवाड़े, अनमोल राजवाड़े, अनमोल, सिद्धार्थ एक्का, मो.अफराज अली, प्रग्यान सिंह, शिवन्या तिवारी, अक्षिता उपाध्याय, साध्या सिंह, आयेजा, गरिमा ठाकुर, मायरा सिंह, त्रिशा साहू, आद्या माहरा, यक्षिता पनिका, अर्पिता यादव, अनन्या आर्यन, इशा मिश्रा, नित्या साहू एवं नव्या के द्वारा प्रस्तुति दी गई।

# 138 वां जन्म महोत्सव श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ संपन्न





**हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल**

चिरमिरी क्षेत्र के डोमनहिल में 8 फरवरी को ठाकुर अनुकूल चंद जी का 138 वां वार्षिक जन्म महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल प्रार्थना एवं धर्मग्रंथों के पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। धर्मग्रंथों के पाठ उपरांत भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

इसके पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो सत्संग भवन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः सत्संग भवन पहुंची। शोभायात्रा में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में महिलाएं सहित ठाकुर अनुकूल चंद जी के अनुयायी शामिल हुए। श्रद्धालु पूरे मार्ग में ठाकुर अनुकूल चंद जी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के पश्चात विभिन्न शहरों से पधारे ठाकुर जी के ऋत्विकों द्वारा अपने-अपने विचारों के माध्यम से ठाकुर अनुकूल चंद जी की महिमा का वर्णन किया गया। प्रवचन में ऋत्विक डॉ. मानस मिश्रा पूर्व डायरेक्टर एसईसीएल ने कहा कि अहंकार से कुछ भी प्राप्त नहीं होता, जो ठाकुर जी से प्रेम करता है वहीं उन्हें वास्तव में जान पाता है।

ठाकुर अनुकूल चंद जी चाहते थे कि समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहे। उन्होंने प्रेम, करूणा और मंगल कामना का संदेश दिया। पूर्व मुख्य महाप्रबंधक चिरमिरी क्षेत्र ऋत्विक एसके श्यामल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि माता-पिता, भाई-बहन, पड़ोसी और समाज के प्रत्येक व्यक्ति से प्रेम करना ही ठाकुर जी की सच्ची शिक्षा है।

संध्या समय पुनः प्रार्थना का आयोजन किया गया, इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। मानस दादा ने जानकारी दी कि इस अवसर पर अंबिकापुर, विश्रामपुर, मनेन्द्रगढ़ एवं झगराखांड से सैकड़ों श्रद्धालु जन्म महोत्सव में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम को सफल बनाने में चिरमिरी क्षेत्र के ठाकुर अनुकूल चंद जी के अनुयायियों की सक्रिय भूमिका रही।

# गोदरीपारा के गोरखनाथ मंदिर में 72 घंटे का हरिनाम संकीर्तन, तीन दिन चला भोग भंडारा

**हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल**



चिरमिरी के गोदरीपारा स्थित गोरखनाथ मंदिर में उत्कल समाज गोदरीपारा के तत्वावधान में 24 प्रहर 72 घंटे हरिनाम संकीर्तन का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। यह धार्मिक आयोजन प्रतिवर्ष फरवरी माह में आस्था के साथ किया जाता है। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मनेन्द्रगढ़ विधानसभा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय उपाध्याय उपस्थित रहे। मंदिर एवं आयोजन समिति द्वारा उनका उत्कल गमछा पहनाकर स्वागत किया गया।

हरिनाम संकीर्तन में विभिन्न कीर्तन मंडलियों द्वारा भगवान के नाम का संकीर्तन कर अनुष्ठान को सफल बनाया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में उत्कल समाज के साथ-साथ विभिन्न समाजों एवं गोदरीपारा क्षेत्र के आम नागरिकों का सराहनीय सहयोग प्राप्त होता रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र अत्यंत रमणीय है। यहां भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना गोरखनाथ बाबा के नाम से की जाती है। ठंड के मौसम में उत्कल समाज द्वारा प्रतिवर्ष इस धार्मिक आयोजन के दौरान तीन दिवसीय विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के अभि मंडल, लक्ष्मी प्रधान, शिवराम बेहरा, लिंगराज स्वाई, अजीत बेहरा, काशीनाथ साहू, जगबंधु खुटिया, धनुमुनी, राजकिशोर गुरुजी, रामू साहू, हटिया स्वाई, कैलास महाराणा सहित मंदिर एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# सदैव सहयोग और सद्भाव की भावना रखें: कौशल्या

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के ग्राम घुघरा में क्रांति महिला संकुल स्तरीय संगठन के तत्वावधान में बीते दिवस आयोजित बसंतोत्सव कार्यक्रम में कंवर समाज की राष्टीय अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

- **बंसेतोत्सव में शामिल हुईं सीएम की धर्मपत्नी श्रीमती साय**

इस अवसर पर क्रांति महिला संकुल स्तरीय संगठन के माध्यम से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा स्थानीय उत्पादों की सराहना की। श्रीमती साय को छत्तीसगढ़ी पारंपरिक आभूषण पहनाकर सम्मानित भी किया गया। क्रांति महिला संकुल स्तरीय संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, एसपी रवि कुमार कुर्रे, जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिको को आमंत्रित किया गया था।






### जिला स्तरीय गो विज्ञान परीक्षा का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा जिला स्तरीय गो विज्ञान परीक्षा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सरभोका में किया गया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति में गौ माता ही मूल आधार है इसकी पृष्ठभूमि में आयोजित विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बौद्धिक विचार संगोष्ठी, राष्टीय स्वयंसेवक संघ के, सह जिला कार्यवाह देवेन्द्र सिंह प्रमुख जिला प्रचारक, नरसिंह राजपूत, गो विज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सतीश उपाध्याय, ब्लॉक नोडल राष्टीय स्वयंसेवक के प्रचार विभाग प्रमुख हेमंत कुमार नंदे भरतपुर उपस्थित रहे। जिला स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में विद्यालयों के चयनित 70 छात्र सम्मिलित हुए। विचार संगोष्ठी में, अर्थवेद में गौ विज्ञान की महिमा की जानकारी देते हुए सतीश उपाध्याय ने कहा कि अखिल विश्व की आधार शक्ति गौ माता हैं।

# रामकृष्ण मंदिर में भंडारे का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**



जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेमाबाग में नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल एवं पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल और राधे राधे परिवार के द्वारा जय सियाराम सर्वप्रथम आवाहित मंडल देवताओं का पूजन संपन्न हुआ। तदुपरांत भगवान सैया से उठने के बाद भगवान का अग्न्यास हुआ एवं दिव्या प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात समस्त भक्ति श्रद्धालु मिलजुल कर हवन का कार्यक्रम किए।

इसके पश्चात भगवान राधा कृष्ण की प्रथम आरती महाआरती का दर्शन कर समस्त भक्त श्रद्धालु लाभान्वित एवं झूमते हुए तन मेहता में आनंद प्राप्त किया। तत्पश्चात कन्या भोज कराया गया। इससे कन्याओं का दिव्या पूजन किया गया , इसके बाद कन्याओं को भंडारे का प्रसाद खिलाया गया, इसके बाद समस्त नगरवासी को भंडारे का दिव्या प्रसाद प्रकार अपने जीवन को धन्य बनाए हैं जिसमें पूजा महाराजा श्री हेरंभ जी महाराज के तत्वाधान पर चल रहे तृतीय दिवस पर्यंत भगवान राधा कृष्ण की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ।

## प्रयोग आधारित शिक्षा से छात्रों में विकसित होगा वैज्ञानिक दृष्टिकोण

# शासकीय माध्यमिक शाला रनई में साइंस लर्निंग सेंटर का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना**

वैज्ञानिक शिक्षा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तार्किक मन विकसित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विद्यालयों में जिला शिक्षा विभाग एवं ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के तत्वावधान में साइंस लर्निंग सेंटर का निर्माण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में 7 फरवरी को शासकीय माध्यमिक शाला रनई में साइंस लर्निंग सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के जिला संयोजक कमल डडसेना व्याख्याता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रनई भास्करानंद कुशवाहा ने की। कार्यक्रम का संचालन साइंस लर्निंग सेंटर के प्रभारी शिक्षक राकेश जायसवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित विज्ञान के विभिन्न मॉडलों का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों ने स्वयं अपने-अपने मॉडलों के कार्य और सिद्धांतों की जानकारी देकर अपनी वैज्ञानिक समझ का परिचय दिया। मुख्य अतिथि कमल डडसेना ने कहा कि जिले की सभी माध्यमिक शालाओं में शीघ्र ही इस प्रकार के साइंस लर्निंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे बच्चों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता और विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि अब इस लर्निंग सेंटर के माध्यम से सप्ताह में एक दिन विज्ञान एवं गणित विषयों का अध्ययन प्रयोगों के जरिए कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संकुल प्राचार्य भास्करानंद कुशवाहा ने कहा कि साइंस लर्निंग सेंटर से विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर और अधिक सुदृढ़ होगा, इससे बच्चों में रचनात्मक कौशल, चेतना एवं नवाचारी सोच का विकास होगा, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य भास्करानंद कुशवाहा, प्रधान पाठक बिजेन्द्र पैकरा, शिक्षक राकेश जायसवाल, श्रीमती स्वागतिका सतपथी, भोलेश्वर देवांगन, निकेश साहू, व्याख्याता कमल डडसेना सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों के उत्कृष्ट विज्ञान मॉडलों की सराहना की गई और उन्हें भविष्य में इसी तरह नवाचार एवं प्रयोग आधारित सीख को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक समझ प्रदान करती हैं, जिससे वे विज्ञान को सरल और रोचक तरीके से सीख पाते हैं।




### बौर से लदे आम के पेड़

**बैकुण्ठपुर।** मौसम के बदलते मिजाज के साथ ही प्रकृति में बहार हा गई। धीरे-धीरे कम होती ठंड के बीच गुनगुनी धूप खिलने लगी है और आम के पेड़ों पर मंजरी पूरी तरह से लद गए है। आम के बगीचे में इन दिनों आम के बौर के भीनी-भीनी खुशबू न सिर्फवातावरण को सुहाना बना दिया है, बल्कि किसानों के उम्मीदों को भी पंख लगा दिए। कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फरवरी माह में आम के पेड़ों पर बौर लद गए हैं, इस तरह से आम के पेड़ों पर बौर लदे हैं,उसे देखकर ऐसा लगता हैं कि इस वर्ष आम का बम्पर उत्पादन होगा। यदि मौसम अनुकूल रहा और बे मौसम बारिश व ओले की मार नहीं पड़ी तो निश्चित रूप से इस बार आम का अच्छा उत्पादन हो सकता है, लेकिन जिस तरह से मौसम में बार-बार बदलाव आ रहा है, इससे आम के बौर पर खतरो की संभावना भी बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने छात्राओं को वितरित की साइकिल

**कुसमी।** सरस्वती साइकिल वितरण योजना कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कक्षा 9 वी के अध्ययनरत 234 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि सहित सभी अन्य अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय के समस्याओं से मुख्य अतिथि को अवगत कराया। प्राचार्य ने विद्यालय में गेट बनवाने तथा विद्यालय परिसर में खेल मैदान का समतलीकरण सहित बालिकाओं की संख्या लगभग 900 के करीब होने के चलते अतिरिक्त कक्ष और विषयवार शिक्षकों की मांग की। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जपं अध्यक्ष बसंती भगत, नपं उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना का लाभ उठाकर समय से विद्यालय आने एवं घर जाने के लिए सलाह दी। साथ ही समय का सदुपयोग कर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अच्छे पद पर आसीन हो। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा शुरू से ही सरस्वती साइकिल योजना के तरह यह साइकिल वितरण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही छात्राओं को मन को एकाग्र कर सकारात्मक सोच रखकर अच्छे से पढ़ाई करने की सलाह दी। वही दूर दराज से आने वाली विद्यालय के छात्राओं को शासन की तरफ से यह साइकिल वितरण करने की बात करते हुए इसका लाभ उठा कर मन लगाकर पढ़ाई करते हुए अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन अजय गुप्ता एवं सीमा देवी द्वारा की गई।



### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण

**प्रतापपुर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 कदमपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ खामियां पाए जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण में साफ-सफाई, बच्चों की खाने की सामग्री, खेलने की सामग्री, पठन सामग्री, वजन मशीन, बच्चों की लंबाई मापने का उपकरण, गैस सिलिंडर व आंगनबाड़ी केंद्र में जरूरी सामान उपलब्ध पाए गए। साथ ही 5 साल तक के बच्चों की उम्र के हिसाब से प्रत्येक बच्चों की वजन व लंबाई की जांच किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह द्वारा बच्चों को जरूरी पोषण आहार देने को कहा ताकि बच्चे स्वस्थ रहे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सबनम परमीन, सहायिका व वार्ड के लोग उपस्थित रहे।

### झींगादोहर के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

# देख रेख के अभाव में ग्राम पंचायत का सामुदायिक शौचालय हुआ जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकासखंड के हर पंचायत में लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया। हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत झींगादोहर में लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण तो कर दिया गया लेकिन सही तरीके से देखरेख व समय पर मरम्मत नहीं होने से शौचालय की हालत दयनीय हो गई है। आलम यह है कि सामुदायिक शौचालय के जर्जर हो जाने से अब लोगों को लाभ नहीं मिल रहा जिससे लाखो की लागत से बनाई गई सामुदायिक शौचालय मात्र शो पीस बनकर रह गई है।

**खास बातें**
- लोगों की बढ़ी परेशानी
- खुले में जाने को मजबूर ग्रामीण

जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झींगादोहर में बना सामुदायिक शौचालय इन दिनों बदहाल हालत में है। कभी स्वच्छता का प्रतीक माना जाने वाला यह शौचालय अब खुद गंदगी, अव्यवस्था और बदहाली का आंसू बहा रहा है। जर्जर दीवार, टूटे दरवाजे, पानी की व्यवस्था ठप और साफ-सफाई के अभाव के बीच ग्रामीण इसका उपयोग करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय के भीतर फर्श उखड़ी हुई है, सीटें क्षतिग्रस्त हैं और कई दिनों से पानी की सप्लाई नहीं है। ऐसे में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे खुले में जाने को विवश हैं, जिससे स्वच्छ भारत मिशन की मंशा पर सवाल उठने लगे है। लोगों का आरोप है कि निर्माण के बाद से अब तक नियमित निरीक्षण और रख रखाव नहीं हुआ। पंचायत स्तर पर जिम्मेदारों द्वारा ध्यान न दिए जाने से स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। बरसात के दिनों में शौचालय परिसर में जलभराव होने से सामुदायिक शौचालय की हालत और भी बदहाल हो गई है। लोगों का कहना है कि इस तरह की स्थित आसपास ग्राम पंचायत की है जहां शौचालय निर्माण के बाद देखरेख के अभाव में सामुदायिक शौचालय की स्थिति खराब होने लगी है। ऐसे में गांव के लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गांव में सामुदायिक शौचालय होने के बावजूद लोग खुले में शौच करने को मजबूर है।ग्राम पंचायत में जिस उद्देश्य से लाखो की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है वह अब सार्थक साबित होता नजर नहीं आ रहा है।




जर्जर सामुदायिक शौचालय

**शौचालय मरम्मत कराने की मांग**

ग्रामीणों ने जनपद पंचायत और जिला प्रशासन से मांग की है कि सामुदायिक शौचालय की तत्काल मरम्मत, नियमित सफाई व्यवस्था, पानी की बहाली और देखरेख के लिए जिम्मेदार कर्मियों की नियुक्ति की जाए जिससे सामुदायिक शौचालय का लाभ ग्राम पंचायत के लोगों सहित अन्य लोगों को मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि सामुदायिक शौचालय का जल्द मरम्मत नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी**

ग्राम पंचायत झिंगादोहर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है उसका उपयोग न सिर्फ ग्राम पंचायत के लोग करते है बल्कि मार्ग से आने जाने वाले लोग भी करते है। सामुदायिक शौचालय के जर्जर व अनुपयोगी होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और लोग खुले में जाने को मजबूर है।

**शो पीस बना शौचालय**

ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय का निर्माण के बाद इसका लाभ मिला और ग्राम पंचायत स्वच्छता का प्रतीक माना जाने लगा। लेकिन कुछ साल के भीतर ही देख रेख के अभाव में सामुदायिक शौचालय भवन जर्जर हो गई। शौचालय की मरम्मत नहीं होने तथा पानी की व्यवस्था नहीं होने से शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लाखों की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय मात्र ग्राम पंचायत का शोभा बढ़ाने के लिए शो पीस बनकर रह गया है।

**मरम्मत कराने करेंगे निर्देशित**

सामुदायिक शौचालय को जल्द से जल्द क्रियाशील बनाने के लिए जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया जाएगा। ग्राम पंचायत की देखरेख मरम्मत होनी चाहिए, लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**-विजेंद्र सिंह पाटले**
जिला पंचायत सीईओ

## ग्राम बादा से चंपा तक डामरीकरण सड़क का किया गया भूमि पूजन



भूमि पूजन करते विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने बादा से चंपा तक 10 करोड़ 96 लाख की लागत से बन रहे डामरीकरण सड़क का भूमि पूजन किया। सड़क के जर्जर होने तथा आए दिन हो रही दुर्घटना को लेकर क्षेत्र के लोग लंबे समय से डामरीकृत सड़क की मांग कर रहे थे।

**खास बात**
- 10 करोड़ 96 लाख की लागत से बनेगी सड़क

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में डीपाडीह बादा मोड से चंपा तक लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा के माध्यम से कराए जा रहे डामरीकरण सड़क निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक ने 10 करोड़ 96 लाख राशि से डामरीकरण सड़क निर्माण का पूजा अर्चन कर भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को जर्जर सड़क से आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था और लंबे समय से डामरीकरण सड़क की मांग की जा रही थी। प्रदेश की भाजपा सरकार गांव के विकास को लेकर गंभीर है और सड़क, बिजली व पेयजल सहित अन्य विकास कार्य को गति दे रही है। लोगों को आवागमन में परेशानी न हो इसे ध्यान में रख डामरीकरण सड़क के लिए राशि स्वीकृत की गई है। सड़क के बन जाने से लोगों को आवागमन करने के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाएगी और किसी प्रकार के परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, नपं उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, केदार गुप्ता, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, मो. शमीम, मुकेश कश्यप, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, लल्लू यादव, देवसाय भगत,अजय प्रताप सिंह, मो. शमीम हुसैन, विनय यादव, नितेश गुप्ता, संदीप राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बच्चों को प्रदान करता है मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

वार्षिक उत्सव कार्यक्रम शिक्षकों और छात्रों के बीच समन्वय को प्रदर्शित करती है। बदलते परिवेश में शिशु मंदिर जैसी संस्थाएं बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। वार्षिक उत्सव बच्चों को मंच प्रदान करता है, जिससे वे निर्भीक होकर अपनी छिपी प्रतिभा को निखारते हैं। नन्हे-मुन्ने बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित करना हम सभी का दायित्व है, ताकि वे अपनी अभिव्यक्ति खुलकर प्रस्तुत कर सकें। उक्त बातें मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने स्थानीय शिशु मंदिर करवां के वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कही।

- सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया वार्षिक उत्सव



इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने कहा कि यह वार्षिकोत्सव हमारे बच्चों को मंच पर उत्साहपूर्ण नृत्य,गीत प्रस्तुति एवं अपने अंदर छुपे हुए प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सभी बच्चे निशंकोच व निर्भीक होकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि समेत भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती नूतन विश्वास, महेश्वर पैकरा, सुमित्रा राजवाड़े, दशरथ सिंह, करवां सरपंच श्रीमती निरूपा सिंह, श्रीमती यशोदा पैकरा, फुलेश्वरी पैकरा, ज्ञानचंद सिंह, छत्तर धारी सिंह, वीरेंद्र चेरवा, ठाकुर सिंह पैकरा का बैज लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने स्कूल चले हम, स्वच्छ इंडिया, भगवा परिधानों से सुसज्जित रामायण पर आधारित गीतों पर नृत्य एवं सामाजिक कुरीति अंधविश्वास, झाड़ फूंक से दूर रहने संदेश देकर जागरूकता लाने मनमोहक प्रस्तुति दिया। मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने विद्यालय परिसर के चारों ओर अहाता निर्माण एवं मंच शेड निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाने की घोषणा किया। कार्यक्रम में मंच संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुशवाहा एवं अध्यक्ष महेश्वर पैकरा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान देवमन राजवाड़े, गिरवर राजवाड़े, दोया राजवाड़े, ललन सिंह, पप्पू साहू, टिकेश राजवाड़े, सीताराम कुशवाहा, दुर्गा साहू, नंदकिशोर कुशवाहा, पीआर भगत सहित शिक्षक, स्कूली छात्र और अभिभावक उपस्थित थे।

## मनरेगा बचाव को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध प्रदर्शन




**भैयाथान।** ग्रामीण अंचल के गरीब, किसान और मजदूरों की आय का मजबूत आधार मनरेगा योजना रही है, जिसे कांग्रेस सरकार ने रोजगार की गारंटी के लिए लागू किया था। आज भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना को कमजोर किया जा रहा है, बजट घटाया जा रहा है और काम सीमित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण मजदूरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। इन्हीं मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती विद्यात्रि सिंह देव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि कांग्रेस सरकार द्वारा आपके रोजगार और सम्मान के लिए शुरू की गई योजनाओं के नाम बदलकर उनके उद्देश्यों को शिथिल किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी अजय प्रताप सिंह, नूर आलम, लखन, शांतनु सिंह, आशीष सिंह, विनय पावले, सुनील नाविक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मनरेगा को मजबूत करने की मांग की।

## शिक्षक की संदिग्ध हालत में मौत, पुलिस ने किया मर्ग कायम

**अम्बिकापुर।** रात में अचानक सांस लेने में परेशानी होने से गंभीर शिक्षक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बाग बहार अंतर्गत ग्राम खुटापानी निवासी कांति कुमार पैकरा आ. फुदुल पैकरा (45 वर्ष) ग्राम केदमा स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ था। बीती रात अचानक सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जिसे देख परिजन ने उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने शिक्षक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन शिक्षक को गंभीर हालत में लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की संदिग्ध हालत में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## शिक्षिका ने स्कूल के बच्चों एवं स्टॉफ को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शिक्षिका दिव्या गुप्ता ने अपने बड़े भाई के असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर नियुक्त होने की खुशी में स्कूल बच्चों को न्योता भोज किया।

न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह कार्यक्रम विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों पर जैसे जन्म दिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्व आदि अवसरों पर शाला के बच्चों को पौष्टिक व रुचिकर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जाती है। न्योता भोज किसी भी व्यक्ति, समुदाय द्वारा अपनी इच्छा से संस्था प्रमुख के अनुमति के बाद किया जा सकता है। इसी के तहत विकास खंड प्रतापपुर संकुल केंद्र खोरमा अंतर्गत संचालित माध्यमिक शाला करंजवार में पदस्थ शिक्षिका दिव्या गुप्ता द्वारा अपने बड़े भाई के सीएसपीटीसीएल में एई असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर नियुक्त होने की खुशी में बच्चों को न्योता भोजन कराया। पूर्ण न्योता भोज में पूड़ी, मिक्स वेज सब्जी, छोला,पापड़,सलाद, चावल- दाल, मीठा परोस कर सभी स्कूली बच्चों को भोजन कराया गया। इस दौरान संकुल के प्राचार्य जोसेप केस्पोटा, संकुल समन्वयक विनय कुमार तिवारी, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक राजेंद्र प्रसाद यादव, शिक्षिका श्रीमती कीर्ति सिन्हा, दिव्या गुप्ता, श्रीमती निशी एक्का,श्रीमती वर्षा मराठा, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती चंद्रावती कुशवाहा, पूर्व शिक्षिका सुमित्रा सिंह एवं एसएमसी के अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला मानिकपुरी, विक्रम सिंह एवं अभिभावक सहित बच्चे उपस्थित रहे।



TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES · CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो: इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा: कम प्रतीक्षा समय, सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट, जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल, बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाएं: सोनोग्राफी, डिजिटल एक्स-रे, कलर डाप्लर, एंडोस्कोपी स्केन, 2D ईको, ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव तहसील भटगांव**

रा.प्र.क्रं.210 ब-121/2025-26

**//ईश्तहार//**

आम जनता ग्राम बैजनाथपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनेश्वर आ.स्व.अमरसाय जाति पनिका निवासी ग्राम बैजनाथपुर तहसील भटगांव जिला सूरजपुर द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 14/07/1969 को जन्म होने पर आवेदक द्वारा अपने स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत शुल्क अदाकर चलान की प्रति, शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 09/02/26 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 07/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**भटगांव**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल – जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले – MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS,MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि – दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 9826183780,8224007799,9425583780,9406183780 8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 08 फरवरी, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 फरवरी, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 फरवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
मो. 9753266386

इंस्टीट्यूट ऑफ जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर,अम्बिकापुर (छ.ग.)
गुरूघासी दास बाल उद्यान केदारपुर अम्बिकापुर सरगुजा छ.ग.
Email ID-divakarshukla07@gmail.com PIN CODE - 497229
Mo.- 9589713483, 8770544658
नर्सिंग शैक्षणिक संकाय भर्ती

| क्र. | पद | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव | कुल पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | B.Sc. & M.S.c. Nursing | 15 वर्ष | 01 |
| 2. | उप - प्राचार्य | B.Sc. & M.S.c. Nursing | 12 वर्ष | 01 |
| 3. | प्राध्यापक | B.Sc. & M.S.c. Nursing | 10 वर्ष | 01 |
| 4. | सह - प्राध्यापक | B.Sc. & M.S.c. Nursing | 8 वर्ष | 02 |
| 5. | सहायक प्राध्यापक | B.Sc. & M.S.c. Nursing | 3 वर्ष | 03 |

गैर शैक्षणिक संकाय भर्ती

| क्र. | पद | योग्यता | अनुभव | कुल पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशासनिक अधिकारी | MBA | 5 वर्ष | 02 |
| 2. | काउंसलर | MSW, MBA, MCA | 2 वर्ष | 03 |
| 3. | कैशियर (Only Female) | PGDCA, DCA, TALLY, JAWA | | 01 |

योग्य उम्मीदवार अपना बायोडाटा ई-मेल में भेज सकते हैं

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### गोपाल ने बॉडी बिल्डिंग में जीता गोल्ड

**अम्बिकापुर।** शहर के गंगापुर तुलसी चौक निवासी बॉडी बिल्डर गोपाल सिंह ने भिलाई में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। इसके पूर्व गोपाल सिंह ने रायपुर में वर्ष 2022 में आयोजित प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल वर्ष 2023 में राजनांदगांव में आयोजित प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल एवं हाल ही में दल्ली राजहरा में आयोजित ऑल इंडिया ओपन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई थी।

### कोइड़ा में अफीम माफिया पर कार्रवाई

**राउरकेला।** अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कोइड़ा पुलिस एवं आबकारी विभाग ने संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। कुसुमडिही क्षेत्र में सरकारी भूमि पर की जा रही लगभग 9 एकड़ क्षेत्रफल में फैली अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि कुसुमडिही क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी कर पूरी फसल को उखाड़कर नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और संभावित तस्करी पर बड़ा अंकुश लगाया गया है। अफीम की खेती में संलिप्त दो व्यक्तियों को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। हालांकि शाम के समय मेडिकल जांच के लिए ले जाते दौरान एक आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया।

### पाम तेल में आत्मनिर्भर बनेगा केन्दुझर

**केन्दुझर।** केन्दुझर जिले में कॉफी और चाय की खेती के बाद अब पाम पाम ऑयल की खेती को लेकर प्रयोग शुरू किया गया है। जिले की जलवायु में पाम की खेती किस प्रकार सफल हो सकती है और इससे किसानों को कैसे लाभ मिल सकता है, इसे ध्यान में रखते हुए उद्यानिकी विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों से योजना पर काम किया जा रहा है। जिले में पहली बार वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में इसके लिए तैयारी शुरू की गई थी। कुल 200 हेक्टेयर भूमि में पाम पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया थाए लेकिन केवल 16.4 हेक्टेयर भूमि में ही खेती हो सकी। वर्ष 2025-26 में 400 हेक्टेयर भूमि में पाम खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, हालांकि अब तक केवल 54.5 हेक्टेयर क्षेत्र में ही खेती हो पाई है। सबसे अधिक चंपुआ ब्लॉक में 17.2 हेक्टेयर भूमि पर 18 किसानों द्वारा तथा बांसपाल ब्लॉक में 12 किसानों द्वारा 12.5 हेक्टेयर भूमि में पाम पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा आनंदपुर ब्लॉक में 4.6 हेक्टेयर, केन्दुझर सदर ब्लॉक में 1 हेक्टेयर, पटना ब्लॉक में 1 हेक्टेयर, साहारपड़ा ब्लॉक में 4.2 हेक्टेयर, हरिचंदनपुर ब्लॉक में 2.4 हेक्टेयर, घटगांव ब्लॉक में 0.4 हेक्टेयर, तेलकोई ब्लॉक में 1 हेक्टेयर, घसिपुरा ब्लॉक में 2.4 हेक्टेयर, हाटडीही ब्लॉक में 0.4 हेक्टेयर, जोड़ा ब्लॉक में 1.2 हेक्टेयर तथा झुम्पुरा ब्लॉक में 4 हेक्टेयर भूमि में पाम की खेती की गई है।

### समस्याओं को लेकर सीएमओ से मिले वार्डवासी

**अकलतरा।** नगर के वार्ड नंबर 12 के विकास कार्यो के लेकर वार्ड पार्षद एवं सभापति के नेतृत्व में पूर्व एल्डर मेन व वार्ड वासियों के प्रतिनिधि मंडल ने सीएमओ से मिलकर वार्ड के कार्यो को तत्काल प्रारम्भ कराए जाने की मांग की। पुरुषोत्तम नामदेव ने बताया कि बहुत पहले से बने होने के वज़ह से वार्ड के बहुत से रोड जर्जर हो चुके है। नालियां टूट चुकी है। पाइपलाइन में लीकेज है। गन्दा पानी आ जाता है। पार्षद बनने के तत्काल बाद मेरे द्वारा इन मांगों को लेकर नगर पालिका में लिखित में आवेदन किया जा चुका है पर आज दिनांक तक उक्त मांगो पर कार्य प्रारंभ नही कराए जा सके है।

## आवारा कुत्तों के झुंड बच्चों को कर रहे लहू-लुहान

# अहाता विहीन शालाओं में आवारा मवेशियों के जमावड़े से बच्चों की सुरक्षा बनी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

अहाता विहीन शालाओं में आवारा कुत्तों सहित अन्य मवेशियों का जमावड़ा बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। आवारा मवेशियों से आए दिन बच्चों के घायल होने की घटनाएं सामने आने के बावजूद इस संबंध में न तो विद्यालय प्रबंधन द्वारा कोई पहल की गई न ही विभाग द्वारा ही इसकी रोकथाम के लिए कोई उपाय किया जा रहा है।

■ विभाग एवं स्कूल प्रबंधन नहीं कर रहा कारगर उपाय

अहाता के अभाव में शासकीय स्कूल आवारा कुत्तों के साथ ही अन्य मवेशियों को आश्रय स्थल बन गए हैं। ऐसी शालाओं में पूरी रात आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है दिन में भी मवेशी पेड़ की छांव में बैठे रहते हैं। सुबह स्कूल शुरू होते ही आवारा कुत्ते मंडराने लगते हैं तथा दोपहर में मध्याह्न भोजन के दौरान आवारा कुत्तों के अलग-अलग झुंड बच्चों को मध्याह्न भोजन करते देख पहुंच जाते हैं। स्कूल परिसर में बच्चों द्वारा इधर-उधर फेंके मध्याह्न भोजन का जुठा खाने आवारा कुत्तों के झुण्ड बच्चों व शिक्षकों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर देते हैं इस तरह की घटनाएं सामने आने के बावजूद न तो विभाग द्वारा ही कोई कारगर पहल की गई न ही स्कूल प्रबंधन ही कोई उपाय कर पाया है। विभाग हर साल शासन को अहाता विहीन स्कूलों की सूची भेजता है लेकिन अत्यधिक खर्च आने के कारण गिने-चुने स्कूलों में ही अहाता निर्माण की स्वीकृति मिल पाती है। सुरक्षा के लिए विद्यालयों में कोई अन्य व्यवस्था नहीं होने के कारण पढ़ाई-लिखाई सहित अन्य सारी व्यवस्थाएं शिक्षकों को सौंपी गई है। शिक्षकों का कहना है कि दोपहर में मध्याह्न भोजन की छुट्टी होने के दौरान आवारा कुत्तों एवं अन्य मवेशियों के कई झुंड पहुंच जाते हैं। आवारा कुत्ते आक्रामक होकर बच्चों व शिक्षकों पर हमला कर देते हैं। ऐसे में शिक्षक बच्चों को पढाएं कि आवारा कुत्तों एवं अन्य मवेशियों की चौकीदारी करें। उच्च न्यायालय के सख्त निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारियों ने बीईओ एवं प्राधानाचार्यों को अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करने संबंधी पत्र लिखकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली है।



### कुत्तों ने शिक्षिका सहित 4 बच्चों को किया था घायल

एक पखवाड़े पूर्व सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत बसदेयी स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हायर सेकेण्डरी स्कूल में आवारा कुत्तों ने एक शिक्षिका सहित चार स्कूली बच्चों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। स्कूल के दो बच्चों को वाशरूम जाने के दौरान आवारा कुत्तों ने उनपर हमला कर दिया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर शिक्षिका गायत्री सोनी पहुंची तो कुत्तों ने उन्हें भी लहुलुहान कर दिया। शिक्षकों द्वारा खदेड़ने के बाद कुते बगल के मिडिल स्कूल में पहुंच गए तथा दो बच्चों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया गया। एक महीने पूर्व विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत प्राथमिक शाला में आवारा कुत्तों ने तीन बच्चों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। अन्य स्कूलों में आवारा कुत्तों के काटने एवं आवारा मवेशियों द्वारा हमला करने की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

### 1045 शालाएं अहाताविहीन

सरगुजा में कुल 2055 शासकीय शालाएं संचालित हैं जिनमें 1330 प्राथमिक, 565 पूर्व माध्यमिक, 87 हाई स्कूल एवं 73 हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। इन शालाओं में से आधे से अधिक आहाता विहीन हैं। सरगुजा के 723 प्राथमिक, 269 पूर्व माध्यमिक, 35 हाई स्कूल एवं 18 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अब तक अहाता का निर्माण नहीं हो सका है। संभाग मुख्यालय में भी कई शासकीय स्कूलों में अहाता का निर्माण नहीं हो सका है। नगरीय क्षेत्र के स्कूलों में आवारा कुत्तों एवं अन्य मवेशियों के जमावड़ा होने की समस्या अधिक है।

### अतिरिक्त सुरक्षा के दिए गए है निर्देश

अहाता विहीन शालाओं की सूची हर साल शासन को भेजी जाती है। अधिक व्यय आने के कारण सभी शालाओं में अहाता निर्माण संभव नहीं है। शासन द्वारा इस संबंध में लगातार पहल की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारियों ने बीईओ एवं संस्था प्रमुखों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने पत्र लिखा है।

-संजय गुप्ता
संयुक्त संचालक शिक्षा



## सार्वजनिक करमा प्रतियोगिता हमारी संस्कृति की जीवंत पहचान: राजवाड़े

**भैयाथान।** ग्राम पंचायत बड़सरा में आयोजित सार्वजनिक करमा प्रतियोगिता का शुभारंभ विधिवत करम डार की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

सरगुजा अंचल की लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से सरस्वती करमा दल झेंझरीपारा के नेतृत्व तथा ग्राम वासियों के सहयोग से भव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने कहा कि करमा हमारी मिट्टी, हमारी पहचान और हमारी आस्था का प्रतीक है। जब तक लोक संस्कृति जीवित है, तब तक समाज की आत्मा जीवित रहती है। करमा जैसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कार, एकता और परंपरा से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है। जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि लोकनृत्य और लोकगीत किसी समाज की आत्मा होते हैं। जब गांव-गांव में करमा जैसे आयोजन होते हैं, तब हमारी संस्कृति केवल मंच तक सीमित नहीं रहती, बल्कि लोगों के दिलों में जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है। प्रतियोगिता में विभिन्न ग्राम पंचायत से आए करमा दलों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में कुल 17 करमा दलों ने भाग लिया। प्रथम सती करमा दल गंगोटी को नगद 10 हजार, द्वितीय स्थान लोक निरंजन करमा दल अर्जुनपुर को नगद 6 हजार एवं तृतीय स्थान जय मां महामाया करमा दल चैनपुर 4 हजार रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया। साथ सभी प्रतिभागी करमा दलों को सांत्वना राशि प्रदान की गई। इस दौरान जगनारायण सिंह, सुनील साहू, सोनू जायसवाल, रामाशंकर यादव, रामू गोस्वामी, विनय जायसवाल, रमेश यादव, राजू गुप्ता, इंद्रावती राजवाड़े, विजय जायसवाल, संदीप कुशवाहा, मनीष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

■ लोक परंपराओं के संरक्षण से ही मजबूत होगा समाज

## इग्नू के माध्यम से एक साथ दूसरी डिग्री भी हासिल कर सकता है छात्रः डॉ. राजेंद्र

**अम्बिकापुर।** सरगुजा के दूरस्थ क्षेत्र में उन लोगों के लिए शिक्षा की नई संभावनाएं खुल रही हैं, जो समय पर नियमित पढ़ाई नहीं कर पाए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने सरगुजा क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और घर बैठे पढ़ाई की सुविधा को लेकर विशेष फोकस किया है। सरगुजा में इग्नू का अध्ययन व परीक्षा केंद्र केआर टेक्निकल कॉलेज है। इसे लेकर इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गौडा राजेंद्र ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।




डॉ. राजेंद्र ने बताया कि इग्नू के माध्यम से वर्तमान में कुल 333 कोर्स संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा सहित ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के पाठ्यक्रम शामिल हैं। इनमें ज्योतिष, भगवद गीता जैसे पारंपरिक विषयों के साथ-साथ आधुनिक और रोजगारोन्मुखी कोर्स भी उपलब्ध हैं। आने वाले छह महीनों के भीतर इग्नू में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टेक्नोलॉजी से जुड़े कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 33 लाख विद्यार्थी इग्नू से अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन सरगुजा संभाग में अभी भी इग्नू को लेकर जागरूकता नहीं है। इसी को ध्यान में लेकर यहां विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. राजेंद्र ने बताया कि इग्नू की सबसे बड़ी खासियत यह है कि छात्र किसी भी अन्य महाविद्यालय से पढ़ाई करते हुए इग्नू के माध्यम से एक साथ दूसरी डिग्री भी हासिल कर सकते हैं। पीजीडीसीजे, साइबर लॉ, दो वर्षीय मास कम्युनिकेशन जैसे कोर्स युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कोई आयु सीमा नहीं है, जिससे किसी भी उम्र के लोग शिक्षा से जुड़ सकते हैं। इग्नू में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री सीधे उनके घर तक पहुंचाई जाती है। छात्रों को केवल परीक्षा के समय ही परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना होता है। इसके अलावा एसटी-एससी वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जिनकी वार्षिक आय ढाई लाख रुपये से कम है, उन्हें बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश पर 50 प्रतिशत शुल्क में छूट दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जेल में बंद कैदियों के लिए इग्नू द्वारा पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है, जिसमें परीक्षा केंद्र भी जेल परिसर के भीतर ही होता है। इस दौरान डॉ. रीनू जैन, राहुल जैन, रितेश वर्मा, कांत दुबे मौजूद थे।

### श्रमिक नेता सुरेन्द्र को राष्ट्रीय महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया

**बिश्रामपुर।** उड़ीसा के पूरी में भारतीय मजदूर संघ के त्रिवार्षिक अधिवेशन में कोयलांचल बिश्रामपुर के श्रमिक नेता कोल इंडिया के जेबीसीसीआई सदस्य सुरेन्द्र कुमार पांडेय को बीएमएस के अखिल भारतीय महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है, गौरतलब है कि सुरेन्द्र पांडेय वर्तमान में सेंट्रल एडवाइजरी कॉन्ट्रेक्ट लेबर बोर्ड के चेयरमैन के अतिरिक्त कोल इंडिया के जेबीसीसीआई सदस्य और बीएमएस के उपमहामंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं । उनकी नियुक्ति से समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।



## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से सड़क परियोजना को मिली 28.19 करोड़ रुपए की स्वीकृति

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से भटगांव विधानसभा क्षेत्र को सड़क विकास की एक बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन द्वारा बीरपुर 12 मील हनुमान मंदिर सिलफिली से कालीघाट महावीरपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग–43 के डामरीकरण कार्य के लिए 28.19 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस परियोजना के माध्यम से लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या का समाधान होगा तथा आमजन को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस सड़क विकास कार्य से भटगांव विधानसभा सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापार, परिवहन और स्थानीय रोजगार के अवसरों को नई गति मिलेगी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सुशासन सरकार की प्राथमिकता जन सुविधाओं का विस्तार और संतुलित विकास है। भटगांव विधानसभा के विकास के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

## गुदरी गली से आवागमन बंद, लोगों को करना पड़ रहा लंबा सफर

**अम्बिकापुर।** गुदरी गली में बेसमेंट पार्किंग के लिए खोदे गए खतरनाक गड्ढे के कारण तीन मंजिला मकान के झुकने पर प्रशासन ने मार्ग से आवागमन बंद करा दिया है। खतरे को देखते हुए मार्ग के दोनों ओर अवरोधक लगाया गया है जिससे लोगों को लम्बा सफर तय करना पड़ रहा है।



गुदरी गली में बेसमेंट पार्किंग के लिए लम्बे समय से खुदाई की जा रही थी। इस दौरान निर्धारित मानकों की अवहेलना कर पड़ोस के तीन मंजिले मकान की नींव तक गहरा गड्ढा खोदने के कारण मकान झुक गया है तथा उसके गिरने का खतरा बढ़ गया है। ननि प्रशासन द्वारा बेसमेंट पार्किग निर्माता को पड़ोस के भवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए हैं तथा सुरक्षा की दृष्टि से मार्ग के दोनों ओर अवरोधक लगाकर आवागमन बंद कर दिया गया है। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में लोग गुदरी बाजार सहित अन्य वार्डों तक आवागमन करते हैं। मार्ग बाधित होने के कारण लोगों को अब दूसरे मार्गों से आना-जाना पड़ रहा है। इस मार्ग में कई दुकानें भी हैं। आवागमन बंद होने से इन दुकानों के व्यवसाय पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है।

## खाताधारक ने डाककर्मी पर लगाया भुगतान में गड़बड़ी का आरोप, थाने में ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग

**सीतापुर।** नगर में स्थित डाकघर में खाताधारक के साथ भुगतान की राशि में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। खाताधारक ने डाकघर के कर्मचारी पर भुगतान में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि भुगतान के दौरान डाककर्मी द्वारा नोटों की जो गड्डी दी गई थी उसमें से एक गड्डी में नोट कम थे। इस संबंध में खाताधारक द्वारा डाककर्मी के विरुद्ध थाने में ज्ञापन सौंप जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई है। खाताधारक द्वारा डाककर्मी के ऊपर भुगतान में गड़बड़ी का आरोप लगाए जाने के बाद डाक विभाग की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 निवासी कृष्णा गुप्ता विगत कई सालों से बचत खाता के माध्यम से नगर के डाकघर में पैसा जमा करते चले आ रहे थे। जमा अवधि पूरी होने के बाद वे खाते में जमा राशि 6 लाख 29 हजार रुपए निकालने डाकघर गए हुए थे। वहां उन्होंने पदस्थ डाककर्मी से उक्त 6 लाख 29 हजार राशि अपने दूसरे बचत खाते में जमा करने का अनुरोध किया। खाताधारक कृष्णा गुप्ता ने इतनी मोटी रकम साथ ले जाने में असमर्थता जताते हुए उसे डाकघर में संचालित अपने दूसरे बचत खाते में जमा करने को कहा। जिसे डाककर्मी ने खारिज करते हुए कहा कि राशि जमा करने के बजाए नगद दिया जाएगा। खाताधारक के बार बार कहने के बाद भी वो उनकी बात नही माना और अंदर से नोटों की गड्डी लाकर बिना गिने ही खाताधारक को पकड़ा दिया। जिसे लेकर खाताधारक अपने घर पहुंचा और नोटों की मिलान करने लगा। इसी दौरान उन्हें 5 सौ की एक गड्डी पर पेन से 90 लिखा नजर आया जिसे गिनने पर उसमें 5 हजार रुपये कम पाए गए। इस बारे में उन्होंने तत्काल डाककर्मी से संपर्क साधा और 5 सौ के नोट की एक गड्डी में 5 हजार रुपये कम होने की बात कह उससे पैसे मांगे। जिसे सुन डाककर्मी भड़क गया और पैसा न देने की बात कह उल्टा खाताधारक को धमकाने लगा। इस संबंध में पीड़ित कृष्णा गुप्ता का कहना है कि उन्होंने नोटों की गड्डी से कोई छेड़छाड़ नही की है। डाककर्मी ने बिना गिने नोटों का बंडल मुझे पकड़ाया और मैं भरोसा करके उसे घर ले आया। घर लाने के बाद जब नोटों की गिनती की गई तब 5 सौ रुपए की गड्डी से की गई नोटों की हेराफेरी सामने आया। उन्होंने डाककर्मी पर नोट की गड्डी में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए थाने में ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है। खाताधारक के साथ भुगतान में हुई गड़बड़ी से डाककर्मी समेत डाक विभाग की विश्वसनीयता भी संदेह के घेरे में आ गई है।

इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष का आवेदन आया है।इसकी जांच कराते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी।

### लैलूंगा में गौवंश की तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तीन पशु तस्करों को रंगेहाथ पकड़ा गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से 08 नग गौवंश को सुरक्षित मुक्त कराया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपए है। शनिवार को लैलूंगा पुलिस को सूचना मिली कि तीन लोग कुंजारा क्षेत्र से गौवंशों को पैदल, मारते पीटते और बिना चारा.पानी के क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ओड़िशा सा की ओर ले जा रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# शिक्षा मंडल का बढ़ा परीक्षा शुल्क छात्र विरोधी निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ आरटीआई के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने कहा परीक्षा एवं प्रवेश समिति छत्तीसगढ़ की बैठक में निर्णय लिया गया है। जिसमें पंजीयन व अनुमति शुल्क में इजाफा छत्तीसगढ़ राज्य के स्वाध्यायी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए पंजीयन एवं अनुमति शुल्क में ढाई गुना वृद्धि की गई है।

पहले जहां शुल्क 560 रुपए थे अब 800 रुपये देने होंगे। वहीं राज्य से बाहर के स्वाध्यायी छात्रों के लिए यह राशि और अधिक बढ़ा दी गई है। पहले कुल राशि 1540 रुपए थी जो अब बढ़कर 2000 रुपए हो गई है। इसके अतिरिक्त अतिरिक्त विषय (द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा) के शुल्क में भी वृद्धि की गई है। एक विषय के लिए शुल्क 280 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए, दो विषय के लिए 340 से बढ़ाकर 600 रुपए कर दिया गया है। 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए नियमित शुल्क, अंकसूची तथा प्रति विषय प्रायोगिक शुल्क मिलाकर पहले 460 रुपए लिए जाते थे, जो अब बढ़कर 800 रुपए हो गए हैं। वहीं आवेदन पत्र शुल्क पहले 70 रुपए था जिसे बढ़ाकर 80 रुपए कर दिया गया है। यदि नियत समय पर आवेदन नहीं किया गया तो विलंब शुल्क सहित 2000 रुपए तक देने होंगे। पहले यह राशि 1540 रुपए थी। हिमांशु जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ माशिमं द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा शुल्क में की गई भारी वृद्धि छात्र विरोधी और गरीब विरोधी फैसला है। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों, विशेषकर गरीब, पिछड़े, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ का स्पष्ट मानना है कि शिक्षा कोई व्यापार नहीं, बल्कि हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। परीक्षा शुल्क, पंजीयन शुल्क और अतिरिक्त विषय शुल्क में इस तरह की बढ़ोतरी सीधे-सीधे मेहनतकश परिवारों के बच्चों का भविष्य प्रभावित करेगी। प्रदेश में पहले से ही बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। ऐसे समय में सरकार द्वारा शिक्षा को और महंगा बनाना यह दर्शाता है कि सरकार की प्राथमिकताओं में छात्र और युवा नहीं हैं।



हमारी मांग है कि परीक्षा शुल्क एवं पंजीयन शुल्क में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। गरीब, एससी-एसटी एवं मध्यम वर्गीय छात्रों को पूर्ण राहत दी जाए। शिक्षा को सुलभ और सस्ती बनाने के लिए सरकार ठोस नीति बनाए। यदि सरकार ने जल्द ही यह निर्णय वापस नहीं लिया, तो युवा कांग्रेस प्रदेशभर में छात्र-हित में आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी

### छेड़छाड़ मामले में एक गिरफ्तार पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज

**रायगढ़।** महिला थाना ने एक बालिका से छेड़छाड़ के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सिरफिरे युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले को लेकर 06 फरवरी की रात्रि बालिका के पिता द्वारा महिला थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी ने बताया कि 06 फरवरी की शाम वह अपनी पत्नी के साथ नटवर स्कूल में प्रवचन सुनने गया था और घर में बच्चे मौजूद थे। रात्रि करीब 10 बजे जब वे घर लौटे तो पुत्री ने बताया कि उनकी अनुपस्थिति में दिलसाय चौहान छत के ऊपर बने गेट से घर के भीतर घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही आरोपी ने घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने और मारपीट करने की धमकी भी दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411